प्रादेशिक समाचार
27.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में डेमोग्राफी बदलाव पर जताई चिंता, कहा –चुनाव आयोग हर मतदाता का कराए फिजिकल वेरिफिकेशन।

2. पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कोडरमा के जामुखड़ी में 2 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से बने मल्टीपर्पस पार्क का किया उद्घाटन, कहा–केंद्र और राज्य सरकार मिलकर झारखंड वासियों को दे रहे बेहतरीन तोहफा।

3. रांची में आयोजित झारखंड कांग्रेस की बैठक में जिला अध्यक्षों के चयन के लिए नई प्रक्रिया शुरू, के राजू ने कहा–15 दिन में ऑब्जर्वर देंगे रिपोर्ट, झारखंड में होगा वोट चोरी के खिलाफ अभियान।

4. झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गणेश चतुर्थी का पर्व, सरायकेला–खरसावां में पंडालों में हुई पूजा, साहिबगंज में मूंग, मसूर से बनी प्रतिमाएं रहीं आकर्षण का केंद्र।

5. रांची में मोबाइल लिंक से तीन करोड़ की ठगी करने वाले गुजरात के दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल, सिम और एटीएम बरामद।

******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में झारखंड में तेजी से हो रहे डेमोग्राफी बदलाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को सुनियोजित तरीके से बसाया जा रहा है जिसका असर आदिवासी समाज पर पड़ रहा है। श्री मरांडी ने चुनाव आयोग से प्रत्येक मतदाता का फिजिकल वेरिफिकेशन कराने और एसआईआर कराने की मांग की।

******************

राज्य के नगर विकास और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कोडरमा के जामुखड़ी में मल्टीपर्पस पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से बने इस पार्क में वॉटर एडवेंचर स्पोर्ट्स, किड्स पार्क और सैर–सपाटे की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर यहां की प्राकृतिक खूबसूरती को निखारते हुए लोगों को बेहतरीन तोहफा दे रही हैं।

******************

राजधानी रांची में आयोजित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिला अध्यक्षों के चुनाव की नई प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया और इसके लिए 75 ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए। मौके पर प्रदेश प्रभारी के राजू ने बताया कि ऑब्जर्वर अगले 15 दिनों में नामों की सूची देंगे, जिस पर अंतिम फैसला एआईसीसी लेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के वोट चोरी के खिलाफ अभियान के तहत झारखंड में रैली और हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जबकि रिम्स–2 विवाद पर पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी अपना स्टैंड तय करेगी।

******************

खूंटी में झारखंड ऑफिसर टीचर इम्प्लाइज फेडरेशन (झारोटेफ) ने अपने ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन किया। इस समागम में शिक्षकों ने अपनी एकजुटता दिखाई और मांगों से संबंधित ज्ञापन पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर जिला अध्यक्ष जय नंदन तिवारी ने कहा कि प्रमुख मांगों में शिशु शिक्षण भत्ता, सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष और एमएसीपी का लाभ शामिल हैं।

******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

******************

गणेश चतुर्थी का त्यौहार आज समूचे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।योद्धा स्पोर्टिंग क्लब और अन्य स्थानीय समितियों ने पूजा पंडाल स्थापित किया, जिसमें स्थानीय अधिकारी और युवा उपस्थित रहे।

इधर साहिबगंज जिले में भगवान गणेश की पूजा धूमधाम से हो रही है। भव्य पंडालों में मूंग, मसूर और चना से बनी प्रतिमाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

******************

झारखंड में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि अगर धमकी देनेवाले शख्स को कोई परेशानी हो तो उनसे मिलें।

******************

रांची में मोबाइल लिंक भेजकर करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गुजरात के दो साइबर अपराधियो को झारखंड सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने टेलीग्राम पर "ग्लोबल इंडिया" नाम से फर्जी खाता खोलकर मेटल ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठे। सीआईडी ने अपील की है कि किसी अनजान लिंक पर लोग क्लिक न करें।

******************

चतरा जिले में स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास को बढ़वा देने और आधारभूत संरचना के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई आवश्यक प्रयास किए गए हैं।

******************

रांची में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने ऑनलाइन पैथोलॉजी रिपोर्ट पोर्टल का शुभारंभ किया। सिस्टम विभाग और पैथोलॉजी विभाग के सहयोग से विकसित यह पोर्टल मरीजों को उनकी जांच रिपोर्ट ऑनलाइन तेज़ी और आसानी से उपलब्ध कराएगा।

*******समाप्त********